(घ) गुजरात और महाराष्ट्र के गत वर्ष के बजट में आमान परिवर्तन कार्यों के लिए धन की व्यवस्था इस प्रकार थी :—

गुजरात	0.33 करोड़ रु०
महाराष्ट्र	130.8 करोड़ रु०

(ङ) 1993–94 के दौरान गुजरात और महाराष्ट्र में पूरी की गई आमान परिवर्तन योजनाएं निम्नलिखित हैं :

गुजरात	कुछ नहीं
महाराष्ट्र	1. गोंदिया–प्रर्जुनी
	2. दौंड–बारामती
	3. जालना– परभनी

(च) गुजरात में राजकोट वैरावल (185 कि० मी०) के आमान परिवर्तन को 1994–95 के बजट में शामिल किया गया है ।

महाराष्ट्र में गेज–परिवर्तन करने के लिए आवंटित की गई राशि

4782. **श्रीमती चन्द्रिका अभिनन्दन जैन:** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) महाराष्ट्र ने राज्य में रेल लाइनों के गेज–परिवर्तन करने संबंधी किन–किन परियोजनाओं के प्रस्ताव केन्द्रीय सरकार के समक्ष प्रस्तुत किये है;

(ख) यदि हां, तो इसके ब्यौरे क्या है;

(ग) सातवीं पंचवर्षीय योजना के अन्त तक उनमें से कितनी परियोजनाओं को सरकार ने मंजूरी दे दी है और पर्याप्त धनराशि उपलब्ध करा दी है; और

(घ) आठवीं पंचवर्षीय योजना और चालू रेल–बजट में इन लम्बित पड़ी परियोजनाओं के लिये सरकार ने कुल कितनी धनराशि आवंटित की है ?

रेल मंत्री (श्री सी० के० जाफर शरीफ) : (क) और (ख) निम्नलिखित आमान परिवर्तन परियोजनाओं के लिए महाराष्ट्र सरकार द्वारा केन्द्र सरकार को प्रस्ताव प्रस्तुत किये हैं :—

छो० ला०/मी० ला० का आमान परिवर्तन

(i) औरंगाबाद–परभनी
(ii) परभनी–मुदखेड़–आदिलाबाद
(iii) गोंदिया–वान्दा फोर्ट
(iv) शोलापुर–बीजापुर
(v) दौंड–बारामती
(vi) मिरज–लातूर
(vii) पाचोर–जामनेर
(viii) नागपुर – नागभीर

(ग) सातवीं योजना में निम्नलिखित परियोजनाएं स्वीकृत की गई थीं :—

(i) मनमाड-परभनी–पर्ली बैजनाथ
(ii) परभनी, अपूर्ण, मुदखेड़–आदिलाबाद और पूर्णा-मुदखेड़ बहरहाल, केवल मनमाड-औरंगाबाद के लिए पर्याप्त धन का आवंटन किया था ।

(घ) (क) आठवीं पंचवर्षीय योजना के पहले तीन वर्षों में 222.85 करोड़ रुपये ।

(ख) रेल बजट 1994-95 में 46.84 करोड़ रुपये ।

आठवीं योजना के अंतिम 2 वर्षों में आबंटन किए जाने वाले धन का विनिश्चय आगामी वर्षों में किया जाएगा ।

महाराष्ट्र में रेल लाइनों के गेज-परिवर्तन के लिए धनराशि का आवंटन

4783. **श्रीमती चन्द्रिका अभिनन्दन जैन:** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1994-95 के वार्षिक रेल बजट में केन्द्रीय सरकार ने महाराष्ट्र राज्य की छोटी लाइनों को बड़ी लाइनों में परिवर्तित करने हेतु कितनी धनराशि आवंटित की है;

(ख) राज्य सरकार ने किन-किन योजनाओं और परियोजनाओं के प्रस्ताव केन्द्रीय सरकार को प्रस्तुत किये हैं;

(ग) राज्य में छोटी लाइनों और बड़ी लाइनों की वर्तमान स्थिति क्या है और दोनों प्रकार की लाइनों की कुल लम्बाई कितनी-कितनी है ;

(घ) क्या केन्द्रीय सरकार ने सातवीं पंचवर्षीय योजनावधि के अन्त तक राज्य की रेल लाइनों के परिवर्तन के कार्य संबंधी योजना को मंजूरी दे दी है, क्या उसे सातवीं पंचवर्षीय योजनावधि के अन्त तक पूरा कर दिया गया था; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

रेल मंत्री (श्री सी० के० जाफर शरीफ): (क) 23.69 करोड़ रुपये ।

(ख)	छोटी/मीटर लाइनों का ग्रामान परिवर्तन	नई लाइनें
(i)	औरंगाबाद-परभनी	(i) वर्धा-यावतमाल पुसाड-नांदेड
(ii)	परभनी-मुदखेड-आदिलाबाद	(ii) अमरावती-नरखेड़
(iii)	गोंदिया-चांदा फोर्ट	(iii) खामगांव-जालना
(iv)	शोलापुर-बीजापुर	(iv) पंढरपुर-लोनांढ
(v)	दौंड-बारामती	(v) कोल्हापुर-रत्नागिरी
(vi)	मिरज-लातूर	(vi) शोलापुर-बीड औरंगाबाद-चालीसगांव
(vii)	पचोरा-जामनेर	(vii) पुणे-नासिक
(viii)	नागपुर-नागभीर	